### खेल परिसर छात्रावास निर्माण में साल, बोरर कीड़ों के कारण दो सौ से अधिक पेड़ कटे

# नौतपा जैसी तपन से हलाकान तामिया में सैलानी और ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया जो अधिकृत रूप से पर्यटन स्थल ना होने के बावजूद पर्यटकों के मन में पर्यटन क्षेत्र होने का दर्जा प्राप्त किए हुए हैं। यहां की हरियाली मनमोहक पहाड़ियां सैलानियों को अपनी ओर खींचती है। यहां का ठंडा वातावरण गर्मियों में लोगों को अपने घर पहुंचने के बाद यहां की ठंडकता का एहसास मन में बसता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से तामिया में अंधा धुंध जंगल की कटाई लगातार हो रही है जिसके कारण यहां का पर्यावरण संतुलन गड़बड़ा सा गया है। इसके पीछे कारण यह है कि तामिया के जंगल में जो सरई के पेड़ गर्मी में हरियाली के साथ-साथ ठंडक के लिए जाने जाते हैं। उनका सफाया वन विभाग की लापरवाही के कारण प्रतिदिन जलाऊ के नाम पर होता चला आ रहा हैं। इस कारण नौतपा जैसी तपन से सैलानी एवं यहां के निवासी हलाकान है और यहां का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण तामिया अपनी ठंडक की पहचान खोता चला जा रहा है। इस ठंडक की पहचान खोने के मुख्य कारण है। तामिया में कांक्रीट का कार्य बिना अनुमति शासकीय भूमि पर बहु मंजिला ईमारत सीमेंट रोड सहित अन्य निर्माण कार्य के कारण तापमान में वृद्धि हुई है, उससे भी ज्यादा गंभीर लापरवाही वन विभाग की देखने मिल रही है कि वह करोड़ों रुपए शासन के खर्च किए गए वृक्षारोपण के बाद भी पौधे नहीं पनपा पाए। ऊपर से जंगल की कटाई वन विभाग की लापरवाही का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि तामियां के जंगल में ही साल बोरर कीड़ों से बरसों पुराने वृक्षों में कीड़े लग गए और यह बीमारी महामारी का रूप धारण कर गई। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण यह बीमारी जंगल में महामारी का रूप ले चुकी जिसके कारण 100 से अधिक पेड़ को चिन्हित कर जंगल बचाने काटा गया तो समझा जा सकता है कि वन विभाग वनों के प्रति कितना सजग है। इस तरह ईनकी लापरवाही से प्रकृति द्वारा दिए गए पेड़ों के रूप में हानि उठानी पड़ी जिसकी भरपाई करना कई वर्षों तक संभव नहीं है जो यहां पर तापमान उछलने का एक कारण भी है। दूसरी ओर विकास के नाम पर भी पेड़ों की अनावश्यक रूप से बलि दी जा रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण तामिया खेल परिसर में इन दिनों अकारण 40 पेड़ों की कटाई की गई तो समझा जा सकता है कि थोक में इतने पेड़ कटेंगे तो पारा उछलने में यह कटाई कितना सहयोग कर रही होगी। समझा जा सकता वही सीएमराईज स्कूल निर्माण में भी 43पेड़ों की बलि दी जा चुकी है, वहीं वर्तमान में मिडिल स्कूल मैदान में छात्रावास निर्माण में ठेकेदार ने 7 पेड़ अनुमति के इंतजार किये बिना ही ठेकेदार ने काट दिए तो समझा जा सकता है कि एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण दिवस मनाना हरियाली से खुशियली के नाम पर पर्यावरण प्रेमी अपनी फोट डालकर पर्यावरण प्रेमियों का ढोंग रचकर सोशल मीडिया पर छाने का प्रयास करते हैं। इस तरह उल्लेखित निर्माण कार्य के नाम पर 200 पेड़ ऑन रिकॉर्ड काटे जा चुके हैं। वहीं प्रतिदिन दर्जनों पेड़ वन विभाग की लापरवाही से कटते चले आ रहे हैं जिससे जंगल का दायरा सिमट रहा है जो प्रकृति कि पहचान खोने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है जिस कारण तामिया जो अपने ठंडेपन के लिए पहचाना जाता था वह महानगरों की तरह अब गर्म होने लगा है। यदि शीघ्र जो लगे हुए पेड़ हैं, उन्हें नहीं बचाया गया तो कुछ वर्षों में ही तामिया प्रदेश के शहरों में अपना उच्च तापमान में स्थान बना ले तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

हरिभूमि समाचार में प्रकाशित हो रही इस खबर को संज्ञान में लेकर हर पर्यावरण प्रेमी एवं वन विभाग के अधिकारी पेड़ लगाने के बजाये इनको सुरक्षित रखने में रुचि लेंगे तो पर्यावरण की पहचान खोते तामिया एवं उच्च तापमान पर नियंत्रण पाया जा सकता है लेकिन देखना यह है कि अब पेड़ काटे जाने पर किस तरह का नियंत्रण वन विभाग एवं निर्माण कार्यों के लिए दी जा रही पेड़ों की बली पर रोक लगनी चाहि। इसके लिए सबको एकजुट होकर अवैध कटाई पर रोक लगाने आगे आना होगा, नहीं तो आने वाले वर्षों तापमान में और विशालता देखने मिले तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।

### प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

## जनसुनवाई में सुनी गई 156 आवेदकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में प्रभारी एडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 156 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान का पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम खमरा के श्री नरेन्द्र सिंह ने जमीन का सीमांकन करने, ग्राम रावनवाड़ा खास के श्री लालदास पाल ने अपने पुत्र व पुत्री का जाति प्रमाण पत्र बनवाने अन्य आवेदन आए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी में कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये आगामी 13 दिसंबर 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है । इस परीक्षा के लिये आवेदन पत्र वेबसाईट **www.navodaya.gov.in** या **ttps://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/index/Registration** से ऑनलाईन भरे जा रहे हैं। आगामी 29 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं । जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी के प्राचार्य डॉ.सी.एस.पानकर ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिये कक्षा 5वी में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें नजदीकी साईबर कैफे से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं । उन्होंने पालकों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों का अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन करायें ।

## 142 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 142 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 142 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 35, बिल संबंधी 52, बंद/खराब मीटर संबंधी 27, नवीन कनेक्शन संबंधी 10 और अन्य प्रकार की 18 शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 142 शिकायतें प्राप्त हुई।

## पुरूस्कार वितरण के साथ स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता का ओलिंपिक स्टेडियम में पुरूस्कार वितरण के साथ समापन हुआ । इस अवसर पर खिलाड़ियों को बीस हजार की स्कॉलरशिप एवं मैडल ट्राफी व व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महिला बालविकास अधिकारी श्री ब्रजेश शिवहरे,कोतवाली टी आई श्री आशीष धुर्वे , स्पर्धा अध्यक्ष श्री इंद्रजीत सिंह बैंस , श्री ओ पी शर्मा, श्री प्रियकांत जुनेजा , श्री बृजेश रघुवंशी , श्री विकास सिंह बैंस , डॉ अनिल जैन,जावेद खान , राकेश चौरसिया ,विजय पावर , राकेश चौरसिया , अजहर खान , प्रीति मार्को , विनीता नेटी, प्रणय नामदेव विशेष रूप से उपस्थित थे । अक्षय मक्कड़ , भविष्य सूर्यवंशी , राजवीर यदुवंशी , आरव शर्मा , ओम साहू, कनिष्क व महिला वर्ग में गुंजन नगरारे, संचारिका यादव , प्रकृति विश्वकर्मा , सुजाता परी, अक्षिता व अंकिता ने विजेता स्थान प्राप्त किया । चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे कार्यक्रम का संचालन कोच जावेद खान ने व आभार प्रदर्शन श्री राकेश चौरसिया ने किया चयनकर्ता के रूप में जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद थे।

## आई.टी.आई. में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन एवं च्वॉईस फिलिंग 18 जून तक

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उईके ने बताया कि जिले की सभी 08 शासकीय आई.टी.आई. में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय डीएसडी पोर्टल या वेबसाइट http://mpiticounseling.co.in पर आवेदन 18 जून 2025 तक रजिस्ट्रेशन, च्वॉईस फिलिंग करते हुए इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संचालित शासकीय आईटीआई में 21 व्यवसायों में प्रवेश होना है। प्रथम चयन सूची 23 जून 2025 को जारी की जाएगी।

## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शमीम दीदी ने लिखी सफलता की कहानी

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विकासखंड मोहखेड़ की ग्राम पंचायत मोहखेड़ की रहने वाली शमीम अख्तर शेख, एक साधारण गृहिणी थीं। जीवन की रोजमर्रा की चुनौतियों के बीच जब वह घर की चारदीवारी से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं, तब एक छोटी सी किरण उनकी ज़िंदगी में उजाला बनकर आई—महादेव स्व-सहायता समूह।



मंज़िल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।₹ परिवर्तन की शुरुआत- 27 अप्रैल 2018 को जब उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय लिया, तब उनकी मासिक आय मात्र 5,500 रूपये थी। लेकिन स्व-सहायता समूह और मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से उन्हें 2,00,000 रूपये का सीसीएल ऋण और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से सहायता प्राप्त हुई। उन्होंने बर्तन की दुकान शुरू की, जो आज मोहखेड़ में उनकी पहचान बन चुकी है। अब उनकी मासिक आय 15,000 रूपये से अधिक हो चुकी है।

**समाज में पहचान और आत्मबल-** कभी जो महिला चूल्हे-चौके तक सीमित थी, आज वही शमीम दीदी दूसरे गाँवों की महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ा रही हैं। ₹लाड़ली बहना योजना₹ जैसी योजनाओं का लाभ लेकर वह न केवल आर्थिक रूप से मज़बूत हुई हैं, बल्कि समाज में रोल मॉडल बन चुकी हैं।

## अतरवाडा और सुरगी में निवेश की भावनाओं पर चर्चा



**छिन्दवाड़ा।** रीजनल इंडस्ट्री एवं स्किल कॉनक्लेव की तैयारियों के तहत आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभा कक्ष में जिले के प्रमुख निवेशकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कलेक्टर श्री अग्रिम कुमार ने की, जिसमें प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सहित विभिन्न निजी उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में निवेशकों को ग्राम अतरवाडा एवं ग्राम सुरगी में चिन्हित की गई औद्योगिक भूमि की जानकारी दी गई, जो 'लैंड बैंक' के अंतर्गत उद्योग स्थापना हेतु उपलब्ध कराई जा रही है। निवेशकों को इन क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास पर भी चर्चा हुई। 27 जून 2025 को प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्री एवं स्किल कॉनक्लेव को दृष्टिगत रखते हुए, जिले में संभावित उद्योगों एवं नवाचार के अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों द्वारा वृक्षारोपण तथा रूफ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे पर्यावरणीय प्रयासों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

## चंद्रिकापुर में पर्यावरण संरक्षण पर पौधारोपण संबंधी की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में ब्लॉक समन्वय श्री दीपक गेडाम की उपस्थिति में विकासखंड बिछुआ के सेक्टर-04 धनेगांव के ग्राम चंद्रिकापुर में पर्यावरण संरक्षण पर वट, पीपल, नीम, आम, उमर और अन्य पौधे लगाने के लिए चर्चा की गई एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब का गहरीकरण और सफाई की गई। जहां नवांकुर संस्था प्रभारी एवं परामर्शदाता श्री श्यामलराव ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण पर संगोष्ठी कर जल संरक्षण के विषय में समझाया गया और भूमिगत जल संरक्षण की विधियों के बारे में जानकारी दी कि जल को कैसे बचाया जाए, जल का कैसे उपयोग किया जाए एवं जल के स्तर को कैसे बढ़ाया जाये, इसके लिए पेड़ आवश्यक है। सभी ग्रामवासियों को जानकारी देकर, सभी को पौधे लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया और खेत तालाब के कार्य में विशेष सहयोग ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चंद्रिकापुर के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों का रहा एवं नवांकुर संस्था के प्रभारी श्री जितेंद्र केवटे, प्रस्फुटन समिति से श्री राधेश्याम केवटे मौजूद रहे।

## नगर मंडल चार की बैठक में बनाई कार्यक्रमों की रूपरेखा

### सृष्टि माता मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भाजपा नगर मंडल चार की बैठक सृष्टि माता मंदिर वार्ड क्रमांक 43 में संपन्न हुई।मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बाजोलिया ने बताया कि बैठक में विकसित भारत का अमृत कल, पौधरोपण ,बलिदान दिवस, योग सहित आपातकाल के 50 वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बनाई गई योजना बनाई गई।

बैठक में श्रीमती लीला बाजोलिया ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करते हुए आवाहन किया कि जून माह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण हो रहे है।विकसित भारत का सपना देखने वाली और कार्यरूप में परिणित करने वाली सरकार के कामों को और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का मस्तक गर्व से ऊंचा करने वाली हमारी सेना के पराक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भाजपा सभी स्तर पर करने जा रही है। बैठक में विकसित भारत के अमृत काल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, पौधरोपण, पर्यावरण दिवस के साथ ही डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस 23 जून एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई निमित्त प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्य योजना तय की गई। बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी एवं सहसंयोजक घोषित किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से पर्यावरण दिवस एवं पौधरोपण की कार्यक्रम हेतु संयोजक बनाए गए। बैठक के समापन के बाद सृष्टि माता मंदिर परिसर में नगर मंडल 4 बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधारोपण किया गया।बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता राजू नरोटे, वार्ड पार्षद शिवानी बंटी सक्सेना, चंद्रभान देवरे, विजय पाटिल,दिनेश मालवीय, घनश्याम पंजवानी, चेतराम पाल,आशुतोष बड़ीवा, नीरज वर्मा,कमल वाजपेई ,निशा गोस्वामी, योगश्री राऊत, आशा पटेल आदि मौजूद रहे।

## मूँग खरीदी, खाद बीज आदि समस्याओं के विरोध में दिया ज्ञापन

### किसानों के साथ ट्रैक्टर चलाकर एसडीएम कार्यालय पहुँचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौरई के तत्वावधान में मंगलवार को एक बड़ा किसान आंदोलन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान व कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

विधायक चौधरी सुजीतसिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों ने चौरई नगर के मुख्य मार्ग ट्रैक्टर रैली निकालकर विरोध जताया। चौरई विधायक ट्रैक्टर चलाते हुये एस डी एम कार्यालय पहुँचे जहाँ उन्होंने क्षेत्र में किसानों की दुर्दशा के संबंध में प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि अपने आप को किसान हितैषी कहने वाली म प्र सरकार में खड़ी फसल के जलने पर शासन से मिलने वाले मुआवजे से ज्यादा राशि किसानों को नरवाई जलाने का जुर्माना देने के नोटिस क्षेत्र के किसानों को मिल रहे है।

आज सम्पूर्ण चौरई क्षेत्र में किसान समर्थन मूल्य में मूँग खरीदी न किये जाने से चिंतित है जबकि कई वर्षों से मूँग की खरीदी सरकार द्वारा लगातार की जा रही है इस स्तिथि में किसानोको मजबूरी में व्यापारीयो को बेहद कम दाम में मूंग बेचना पड़ रहा है। किसान यूरिया, डी ए पी, महँगे बीज, बढ़े बिजली बिलों, चौरई मंडी में कुछ व्यापारीयो द्वारा फसल खरीद कर महीनों से अनेक किसानों भुगतान न किये जाने व मंडी में व्याप्त अवस्थाओं, जमुनिया व पेंच इरिगेशन माइक्रो 1 के अपूर्ण कार्य आदि की समस्याओं का उल्लेख करते हुये इन सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग चौरई विधायक ने की व राज्यपाल तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

चौरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में इन सभी समस्याओं के निराकरण न होने की स्थिति में बड़ा आंदोलन करने की बात इस अवसर पर कही। इस मौके पर वरिष्ठ नेता अशोक तिवारी, गोविंद बजोलिया, बिन्दुमती रघुवंशी, प्रेमेंद्र साहू, धीरज खंडेलवाल, रामू वर्मा, अंकित पांडे, राम तिवारी, कपिल वर्मा, बालमुकुंद वर्मा, आनंद पटेल, आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पूनमचंद शर्मा, छबील सिंह ठाकुर, रतिराम वर्मा, रामेश्वर सोनी, बेनी सिंह रघुवंशी, स्वाती श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, वरिष्ठ व युवा कांग्रेस के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

### कंपनियों से निकल रहे दूषित पानी, गंदी बदबू से सांस लेने में हो रही दिक्कत

# हजारों ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर सौंसर प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों से निकलने वाले दूषित पानी,गंदी बदबु को लेकर विगत कई सालों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण सौसर प्रशासन का दरवाजा ठक ठका रहे है। बावजूद इसके औद्योगिक क्षेत्र की में फैली हुई समस्याओं के साथ ही जहरीले पानी,गंदी बदबू की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारी अत्यंत हल्के लहजे में ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिले क्षेत्र की अधिकारियों की कंपनी प्रबंधकों के साथ में मिली भगत है इसीलिए ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इस मामले को लेकर सौसर विधायक विजय चौरे के नेतृत्व मे 5 महीने पूर्व जनवरी माह में रेमंड चौक में धरना देते हुए औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों से निकलने वाले जहरीले पानी,गंदी बदबू को लेकर कंपनी प्रबंधकों पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी, सौसर प्रशासन के आश्वासन के बाद में आंदोलन को समाप्त किया गया था,परंतु लगभग 5 माह से अधिक का समय गुजर जाने के बावजूद भी कंपनियों से निकलने वाले दूषित पेयजल और गंदी बदबू का समाधान नहीं हो पाया है। रात दिन औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 20 गावो के हजारों ग्रामीणों को बदबू जहरीले पानी से परेशान होना पड़ रहा है। मंगलवार को फिर एक बार कबर पिपला के ग्रामीणों के साथ विधायक विजय चौरे ने तहसील कार्यालय में पहुंचकर नारेबाजी विरोध प्रदर्शन करते हुए सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा है।

### गंदी बदबू, दूषित पानी से बच्चे हो रहे हैं बीमार, अधिकारी मौन

ज्ञापन सौपने आए ग्रामीणों के तीखे विरोध का सामना सौसर प्रशासन के अधिकारियों को झेलना पड़ा है।ग्रामीणों ने बताया ग्राम कबर पिपला से लगे नाले में औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव कि कंपनियों का दुषित पानी लगातार छोड़ा जा रहा है। केमिकल युक्त दुषित पानी से इतनी बदबू आती है की लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है,नाले से लगा शासकिय हाईस्कूल है जिसमे छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में बाधाएं उत्पन्न होती है। ग्राम कबर पिपला की पेयजल व्यवस्था भी नाले के समीप होने के कारण नाले के पानी का रिसाव होकर ग्रामीणों के दिनचर्या में उपयोग हो रहा है। चर्चा के दौरान विधायक विजय चौरे ने बताया एसडीएम साहब को कई बार हम ज्ञापन दे चुके है,कंपनी वाले 15-20 दिन 1 महीना तक यह शांत रहते हैं और फिर से दूषित पानी छोड़ देते हैं। जिससे अनेक बीमारियां हो रही है।यह भाजपा सरकार के राज्य में इस प्रकार का तांडव हो रहा है भाजपा की सरकार भी ध्यान नहीं दे रहा यहां का प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा है। गुरुवार तक इसका कुछ नहीं होता तो शुक्रवार को हम खुद नाला बंद करेंगे,ग्राम की पूर्व सरपंच सुरेखा काटोले कंचन वैष्णव ने बताया कि कंपनियों का दूषित पानी रात 8 बजे एवं प्रातः 4,5 बजे छोड़ा जाता हैं।

### पशु-पक्षियों को मिलेगी राहत

# मयूर वन में फिर शुरू हुआ वेकोलि का बोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया के मयूर वन में बीते तीन माह से बंद बोर को वेकोलि प्रबंधन के द्वारा फिर से चालू करवा दिया गया है ।जिससे अब पशु पक्षियों को राहत मिलेगी । गौरतलब है , कि महादेवपुरी कोयला खदान से डी वाटरिंग का कार्य बीते तीन माह से बंद पड़ा था । जिससे खदान के अंदर पानी का स्तर बढ़ रहा था और कोयला उत्पादन भी प्रभावित हो रहा था । डी वाटरिंग कार्य पुनः चालू करने के लिए प्रबंधन से लगातार कहा जा रहा था । इस मामले में इंटक नेता अलाउद्दीन खान लगातार पेंच कोयला महाप्रबंधक से डी वाटरिंग कार्य चालू करने के लिए कहते रहे ।खदान का यह पानी मयूर वन में निकाला जाता है । जिससे खदान का पानी भी कम होता है , वहीं मयूर वन में पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी भी मिल जाता है । तीन माह बाद फिर से डी वाटरिंग कार्य शुरू होने से मयूर वन में स्थापित बोर से पानी निकलना शुरू हो गया है । इसका लाभ पेड़ पौधों के अलावा पशु पक्षियों को भी मिलने लगा है ।\इंटक नेता अलाउद्दीन खान ने प्रबंधन के कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

## पैर पखारना भारतीय संस्कृति : मंडल अध्यक्ष

**परासिया** : भारतीय जनता पार्टी के परासिया मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवी पाल ने एक संयुक्त प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे दिन ग्राम जम्बाकिराड़ी में सांसद विवेक बंटी साहू पहुंचे थे इस अवसर पर भाजपा के पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष यादव द्वारा सांसद विवेक बंटी साहू के स्वागत पर उनके पैर पखारने अर्थात पैर धोने का कार्य किया गया था । भारतीय संस्कृति में अतिथि सत्कार के दौरान पैर धोने का कार्य अति प्राचीन एवं महत्वपूर्ण माना गया है , प्राचीन काल में भी जब ऋषि मुनि संत महात्मा किसी राज्य में जाते थे , तो उस राज्य का राजा उनके पैर धोकर उनका स्वागत सरकार करता था । भगवान श्री कृष्ण ने भी अपने मित्र सुदामा के पैर धोकर उनका स्वागत सत्कार किया था , मनीष यादव ने भी सासंद के प्रति आदर सत्कार की भावना से उनका स्वागत किया था और उस पैर पखारने के कार्यक्रम में कोई भी आदिवासी भाई नहीं था । कांग्रेस द्वारा यह मुद्दा बनाया जा रहा है , कि सासंद विवेक बंटी साहू ने आदिवासियों से पैर धुलवाने का कार्य किया है । ये पूर्णतः गलत बात है , वहां मनीष यादव सहित कोई भी आदिवासी युवक नहीं था । सारे लोग ओबीसी वर्ग के थे और सासंद भी ओबीसी वर्ग से आते हैं । उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं । सोशल मीडिया पर वो वीडियो है जिसमें साफ दिखाई पड़ रहा है , कि वहां कोई आदिवासी युवक नहीं है । सांसद विवेक बंटी साहू लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनके काम कर रहे है और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है , जो कांग्रेसियों को बर्दाश्त नहीं हो रही है । इसलिए इस तरह के बेबुनियाद आरोप सासंद पर लगाए जा रहे हैं । इसके पूर्व के सासंद ने कभी जनता के दुख दर्द को समझने की कोशिश नहीं की । महीने में एक दो दिन के लिए दिल्ली से आते थे और फिर वापस चले जाते थे । जनता से उनका कोई लेना देना कभी नहीं रहा , पर भाजपा सांसद विवेक बंटी साहू पैदल पूरे संसदीय क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं और जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं । इसी बात से कांग्रेस बौखलाई हुई है और अनर्गल आरोप सासंद पर लगाए जा रहे हैं ।



## सांसद कप व्हाली बाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जय दुर्गे व्हाली बाल क्लब न्यूटन वार्ड 8 द्वारा जिला स्तरीय व्हाली बाल मैच का शुभारंभ 9 जून 2025 को नाइट कोट मैदान में शाम 7 बजे से प्रारंभ हुआ । जिसने सर्व प्रथम श्री श्री सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर में पूजन कर व्हाली बाल मैदान में पूजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद मालवीय (नगर पालिका अध्यक्ष) परासिया द्वारा रिबिन कॉटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । केन्द्रीय विद्यालय बडकुही की टीम एंव जयदुर्गे व्हाली बाल लव जूनियर टीम के खिलाडियों से हाथ मिलाकर अध्यक्ष और उपस्थित सभी अतिथियों ने उत्साह वर्धन किया । इसके पश्चात मैच प्रारंभ हुआ । केन्द्रीय विद्यालय बडकुही की टीम कप्तान समर्थ देवार , हर्षित वर्मा , अभिलेख गौहर , कुश बुनकर , बंटी माथिया , वात्सल्य शेलके , हर्षित चौहान , अभिनव परसाई , यशवीर सिंह , जय दुर्गे व्हाली बाल क्लब जूनियर टीम न्यूटन के कप्तान बाबी बाथरी , मोहम्मद तौफीक , दिव्यांश चौरिया , आदित्य डेहरिया , सक्षम वंशी , दीनू नाथ , पवित्र राय इन खिलाडियों ने मैच खेला । जिसमें केन्द्रीय विद्यालय बडकुही विजय रही । दिनांक 10 जून को परासिया एंव चांदामेरा टीम के मध्य लीग मैच होंगे । कार्यक्रम में पवन सूर्यवंशी (पार्षद) परासिया , इन्द्रपाल साहू , अशोक गौहर , श्री चंद यदुवंशी (कार्यक्रम कार्यकारी अध्यक्ष) , चन्द्रमोहन श्रीवास (अध्यक्ष) , सोनू त्रिवेदी , शिवनाथ कनोजिया , राहुल सराठी पार्षद) साचिव , रेफरी 1 ईश्वर बावरिये , बिलफ्रेड जाघरिया लाइन मेन , हेमंत नवेत , सुधीर जैन , हेमंत अग्रवाल , दीपक बाथरी , आशीष नीखरा , विवेक यादव , सुदीप डेहरिया , रूपेश इरपाची , विजय बरखडे , अंशुल अग्रवाल उपस्थित रहे ।

## महिला कांग्रेस में पंखी व सविता को सौंपी जिम्मेदारी

**छिंदवाड़ा**।मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार महिला कांग्रेस में नवनियुक्तियां की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व महिला कांग्रेस की प्रभारी श्रीमती मंजू बैस से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी के द्वारा नवनियुक्तियां करते हुए पंखी चंद्रवंशी को छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। हर्रई ब्लॉक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सविता बरकड़े को सौंपी गई है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी का हृदय से आभार माना है।

## नगर के वार्डों में सक्रियता से जुटे पश्चिम उप ब्लॉक के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्डों में कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक की टीम पूरी सक्रियता के साथ जुटी हुई है। माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के हाथों को और अधिक मजबूत करने कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक के पदाधिकारी वार्डवार बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में नए सिरे से जोश भर रहे हैं।कांग्रेस पश्चिम उप ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 43 एवं 45 में आयोजित बैठक को कांग्रेस के वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों से छिन्दवाड़ा पूरे मप्र में मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया। किन्तु भाजपा की सरकार आते ही जिले का विकास पूरी तरह से ठप हो गया। केन्द्र व राज्य सरकार से विकास के लिए बजट नहीं मिल रहा है, जबकि नेताद्वय ने हमेशा ही छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा अलग से बजट लाया जिसका परिणाम यह हुआ कि आज छिन्दवाड़ा के गांव-गांव तक सड़कें है, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय व मेडिकल कॉलेज से लेकर विभिन्न स्किल सेन्टर है। उन्होंने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जनता तक विकास की बात पहुंचानी होगी। भाजपा की विकास विरोधी सोच को भी जनता के सामने उजागर करना होगा। आयोजित बैठक को शहर कांग्रेस के प्रभारी धर्मेन्द्र सोनू मागो व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव ने भी सम्बोधित किया। बैठक में तरूण कराड़े, गणेश चौबे, मयंक गजभिये, अल्केश कोल्हे, संगीता ठाकुर, रानू डेहरिया, सिराज कुरैशी, अमित मालवीय, राधा बाई, सुनिता सूर्यवंशी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## पवित्र विचार मन को मंदिर बना देते हैं: ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उप सेवा केंद्र पटेल मंगल भवन के पीछे नीरजा तिवारी वाली गली में चल रहे पांच दिवसीय तनाव प्रबंधन शिविर के आयोजन में जबलपुर से पधारी मीना बहन द्वारा आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा तनाव प्रबंधन के तरीके सिखाये जा रहे हैं! इस अवसर पर शिविर के उद्घाटन करने श्री विजय पांडे पार्षद श्री संजय गोहा, श्री स्वामी जी बागडे आदि अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिविर के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए समर कैंप भी आयोजित किया गया है। जहां विभिन्न प्रकार के खेल कहानी एवं नैतिक शिक्षाएं आदि के द्वारा विद्यार्थियों के बाल व्यक्तित्व को एक नई दिशा प्रदान की जा रही है।



## श्री राम सत्ता का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव**। नगर के समीस्थ ग्राम टाटरवाडा में खेड़ापति मंदिर में श्री राम सत्ता का आयोजन किया गया जिसमें देर रात्रि तक विभिन्न मंडलों ने अपनी प्रस्तुति दी तत्पश्चात पूजन अर्चन हवन दहिलाई के कार्यक्रम के साथ भोजन प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया पूजन पाठ पंडित श्री नवल किशोर तिवारी नजरपुर वाले द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभी ग्रामवासी एवम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू हो रहे हैं रोजगारोन्मुखी एईडीपी पाठ्यक्रम

**जुन्नारदेव**। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री कार्यक्रम (एईडीपी) के तहत बीकॉम इन बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कोर्सेस की शुरुआत हो रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।एईडीपी पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि छात्रों को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह कोर्स छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देगा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का भी अवसर प्रदान करेगा।शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर ने बताया कि एईडीपी के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त होगा और उन्हें स्नातक की डिग्री के साथ-साथ रोजगार की बेहतर संभावनाएं भी मिलेगा। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज परिसर में ( दूरभाष क्रमांक 9424960917, 9424317094) या कॉलेज की वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

## मंगली में लगा नि:शुल्क अंधत्व निवारण शिवर



**भुआबिछिया**। मवई जनपद पंचायत के ग्राम मंगली में कल निःशुल्क अंधत्व निवारण शिविर का आयोजन किया गया जहां ग्राम मंगली में दादा वीरेन्द्र पूरी जी महाराज, (देवजी नेत्रालय) शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 68 मरीजों ने अपनी आंख का जांच करवाया, जांच उपरांत 15 मरीजों को चयनित कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु देव जी नेत्रालय जबलपुर के लिए रिफर किया गया इस अवसर पर शिविर में आयोजन कर्ताओं में अनंत सिंह राठौर, अक्षय परते समाज सेवी एवं करन मरावी सरपंच, श्रीमति रेखा धुर्वे सरपंच, ने हरि झंडी दिखाकर बस रवाना किया इस कार्यक्रम में शिवम राठौर,मयंक चौहान, मयूर चौहान मनसुख धार्या, अजय दास भाषत, मूल दास भाषत का सराहनीय योगदान रहा।

## भगवान बिरसा मुण्डा का मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



मवई विकासखंड के ग्राम पंचायत बांद्रवाडी के पोषक ग्राम खुर्सीपार में स्थित मढिया, (चौगान) में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर, डॉ विजय धुर्वे सिविल सर्जन मंडला के द्वारा प्रदत्त भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया ने सभा को संबोधित किया, अध्यक्षता चुरामन परते (पंडा) ने की, विशिष्ट अतिथि अनंत सिंह राठौर सभापति सहकारी एवम् उद्योग समिति जनपद पंचायत मवई, विशिष्ट अतिथि सुखमन धुर्वे जनपद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि बोधू सिंह मरावी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से करन सिंह मरावी सरपंच, हरि कुलेश सरपंच, ओमप्रकाश मरावी सरपंच, सहस राम धुर्वे सरपंच, खुदीराम धुर्वे पूर्व सरपंच, अक्षय परते पूर्व सरपंच समाज सेवी, हनुमान जाट उपसरपंच, राजकुमार अहिरवार उप सरपंच, नितेश साहू, डीलन मरकाम, सम्मे परते, बालचंद्र परते, मनोज परते, रेवेनदर मरकाम, केहर परते, आलम टेकाम, रामप्रकाश परते, द्वारका चेचाम, अशोक पुशाम, पड़तू पुशाम, केशर धुर्वे दयाराम मरकाम, मूलचंद मरावी, रामदयाल धुर्वे, श्रीमति निर्मला मरकाम, श्रीमति हंसा टेकाम,सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच संचालन विनीत भाषत, ने किया, आभार व्यक्त करन सिंह मरावी सरपंच ने किया।

## 180 मरीजों की हुई जांच, 20 मरीजों को किया गया रेफर




**भुआबिछिया**। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जनपद पंचायत मवई के ग्राम पंचायत भीम डोंगरी में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन स्वर्गीय विपत लाल नायक एवम् स्वर्गीय कवल सिंह परते की स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमे 180 मरीजों का जांच उपरांत निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया एवं 20 गंभीर मरीजों को चयनित करके लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल रायपुर छत्तीगढ निःशुल्क इलाज हेतु जनप्रतिनिधियो द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ म पंडित सिंह धुर्वे पूर्व विधायक बिछिया द्वारा छाया चित्र पर तिलक वंदन कर किया गया। कार्यकम में रायपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ प्रशांत नायक, डॉ विजय डिम्बा, डॉ लक्ष्मीकांत साहू,डॉ अभिजीत तिवारी, सहित अन्य डाक्टरों ने निःशुल्क सेवा दी, उक्त शिविर में ओम प्रकाश मरावी सरपंच, करन सिंह मरावी सरपंच, हनुमान जाट, लखन बंजारा, संतोष पवार, जय सिंह धुर्वे सचिव, गुलाब उइके, कृष्णा मरावी, शिवम राठौर, मयूर नायक का सराहनीय योगदान रहा।

**शिविर** | **बच्चों के मानसिक व बौद्धिक विकास की दिशा में सराहनीय पहल**

# ब्राइटर माइंड्स अल्फा कोर्स का द्वितीय बैच संपन्न

*** पुलिस स्टाफ के बच्चों को मिला अवसर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




दिनांक 09 जून 2025 को पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में, मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस विश्व मुख्यालय कन्हा शांति वनम, हैदराबाद के सहयोग से मंडला जिला पुलिस द्वारा ब्राइटर माइंड्स अल्फा कोर्स के द्वितीय बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह विशेष कोर्स 05 से 15 वर्ष की उम्र के पुलिस परिवारों के बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं आत्मिक विकास हेतु चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा एवं रक्षित निरीक्षक श्री सुनील नागवंशी के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस लाइन स्थित लर्निंग सेंटर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस बैच में कुल 40 बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। समापन अवसर पर ब्लाइंडफोल्ड एक्टिविटी करवाई गई, जिसमें बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर विभिन्न रंगों की पहचान कर अपनी एकाग्रता, स्मरण शक्ति और अंतर्ज्ञान क्षमता का परिचय दिया।

प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत एवं महिला आरक्षक मिथलेश पाटिल जो कन्हा शांति वनम, हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को ब्राइटर माइंड्स के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक आधार पर तैयार सत्रों के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई, जो बच्चों के तंत्रिका तंत्र के विकास, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास को उभारने में सहायक रही।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की गई और उन्हें आगे भी ऐसे प्रयासों में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंडला पुलिस द्वारा यह पहल पुलिस परिवारों के सर्वांगीण विकास और भावी पीढ़ी को मानसिक रूप से और भी सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया के रेस्ट हाउस परिसर में 9 जून को भारत देश के महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सैनानी वीर बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी मंडल बिछिया के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए गए उसके पश्चात अतिथियों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का परिचय हुआ और तत्पश्चात भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम द्वारा बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उनके जीवन और संघर्षों के बारे में उपस्थित लोगों को बतलाया गया। अगले उद्बोधन में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन आधारित उनके द्वारा किए गए वीरता पूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन ने बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि में उन्हें याद करते हुए उनके जीवन की महत्वपूर्ण बातों को और हमें उनके जीवन से क्या प्रेरणा लेनी चाहिए इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

बिछिया स्थित रेस्ट हाउस में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन द्वारा संगठनात्मक बैठक भी ली गई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों में चर्चा की गई साथ ही कई महत्वपूर्व दिशा निर्देश और आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई।

भाजपा की केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां और गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राही व्यक्ति को मिलता रहे इस हेतु भी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चर्चा परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन मंडल महामंत्री नरेश राजपूत और आभार प्रदर्शन दीपक कटारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम और बैठक में भाजपा जिला महामंत्री नीरज मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनी मरावी सहित समस्त सम्मानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मातृशक्तियों एवं सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# स्वस्थ यकृत मिशन के तहत नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर डिसीज की कलेक्टर कार्यालय परिसर में की गई स्क्रीनिंग

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि लीवर संबंधी बीमारियों की जागरूकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए प्रदेशव्यापी स्वस्थ यकृत अभियान सिवनी जिले में जिले में चलाया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर कार्यालय सिवनी में स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 207 लोगों क लोगों का पंयन कर स्क्रीनिंग की गई। अभियान के तहत नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर डिसीज को शुरूआती स्थिति में ही पहचान कर यथोचित उपचार हेतु 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरूष-महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा रही है। स्क्रीनिंग में उँचाई, वजन, कमर की माप की गणना की जा रही है। फैटी लीवर के संभावित संदिग्ध श्रेणी के मरीजों की जानकारी संधारित की जा रही है।

डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि संभावित संदिग्ध लोगों में चिकित्सकीय सलाह पर अन्य जांचों के माध्यम से फैटी लीवर होने की संभावनाओं का पता लगाया जायेगा। मिशन के तहत प्रारंभिक स्क्रीनिंग में मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बी.एम.आई., सी-बैक स्कोर एवं कमर का माप लिया जा रहा है। बी.एम.आई 23 से अधिक होने महिलाओं में कमर का माप 80 से.मी. एवं पुरूष में 90 से.मी. से अधिक पाये जाने पर आयुष्मान आरोग्यम मंदिर एवं पी.एच.सी. में चिकित्सक के पास जांच हेतु रेफर किया जायेगा। यह स्क्रीनिंग सतत जारी रहेगी।

### कलेक्टर ने किया स्क्रीनिंग कार्यवाही का अवलोकन

स्वस्थ यकृत अभियान अंतर्गत आयोजित की गई शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की स्क्रीनिंग व्यवस्थाओं का कलेक्टर सुजैन ने का अवलोकन किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के साथ-साथ स्वयं की स्क्रीनिंग भी कराई तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप



### जयदीप सिंह बैस घोषित किए गए अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद (ABAP) की जिला इकाई सिवनी की संगठनात्मक महत्वपूर्ण बैठक बाहुबली होटल, बाहुबली चौक, बारापत्थर सिवनी में दिनांक 9 जून को रखी गई। उक्त बैठक में मंचासीन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद (ABAP) की महाकौशल प्रांत की कार्यकारी अध्यक्ष मती सुशीला पालीवाल , राष्ट्रीय सदस्य एवं महाकौशल संभाग के संगठन प्रभारी माननीय तेज कुमार मोढ ,प्रांत मंत्री सुनील गुप्ता , प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजय पालीवाल , छिंदवाड़ा जिला इकाई के महामंत्री पंकज चिखलकर , जबलपुर जिला इकाई के कार्यालय मंत्री प्रशांत बडोनिया , जिला सिवनी के पूर्व जिलाध्यक्ष जयदेव राज कोल्हटकर एवं पूर्व पदाधिकारी रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कुरई में नोटरी राजेंद्र प्रसाद तिवारी थे।उक्त बैठक में अधिवक्ता एवं प्राध्यापकअखिलेश यादव , डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी , अन्नपूर्णा शुक्ला एवं डॉ.महेंद्र सिंह नायक की विशिष्ट उपस्थिति रही। उक्त बैठक में जिलाध्यक्षजयदीप सिंह बैस , महामंत्रीप्रहलाद कुमार यादव एवं कोषाध्यक्षदेवेंद्र कुमार डहरवाल को आगामी कार्यकारिणी के लिए पदाधिकारी घोषित किया गया तथा विस्तृत कार्यकारिणी की घोषणा तीनों के विचार– विमर्श से शीघ्र घोषित की जावेगी। जिलाध्यक्षजयदीप सिंह बैस ने तीनों पदाधिकारियों की घोषणा के लिए सभी के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त किया।

# 57.6 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ाया 36 वर्षीय का युवक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुए है। ए.एस.पी .डी. शर्मा एवं सी.एस.पी श्रीमति पूजा पाण्डेय सिवनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर द्वारा स्वंय के स्तर पर टीम गठित कर 57.6 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।



दिनांक 09.06.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि खैरीटेक कालोनी तरफ एक व्यक्ति कागज के खड्डे की पेटी रखे दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर सफलता पूर्वक पकड़ा गया। पकडे गये व्यक्ति द्वारा अपना नाम ललित पिता शिवप्रसाद गजभिये उम्र 36 साल निवासी खैरीटेक सिवनी का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति से शराब के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज नही होना बताया, अवैध शराब को मौके पर जप्त किया गया एवं आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी ललित गजभिये के विरूद्ध पूर्व से 05 आबकारी एक्ट एवं एक मारपीट का मामला पंबद्ध है। थाना कोतवाली की अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। आगे भी इस तरह की सूचनाओ पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। आरोपी ललित पिता शिवप्रसाद गजभिये उम्र 36 साल निवासी खैरी टेक सिवनी।

जप्त संपत्ति :- 01. 57.6 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब कीमती करीबन 24000/- रूपये, 02. एक वीवो कंपनी का मोबाईल 10,000/- रूपये।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उनि डी. आर शरणागत, उनि राहुल काकोडिया, सउनि दिनेश रघुवंशी, आरक्षक विक्रम देशमुख, अमित रघुवंशी, सिद्धार्थ दुबे, सौरभ ठाकुर, रत्नेश कुशवाहा, म.आर फरहीन खान एवं आरक्षक चालक इरफान का सराहनीय योगदान रहा।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी मे जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिनांक 07.06.2025 को आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। कलेक्टर सुसंस्कृति जैन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नववन विजय के मार्गदर्शन में जिले मे 2011 की जनगणना के आधार पर 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आसाक्षरों का चिन्हांकन कर उन्हें साक्षर बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिले का लक्ष्य 1.20 लाख असाक्षरों को साक्षर करना है। जिसके विरूद्ध अब तक



84000 लोगों का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। जिला परियोजना समन्वयक महेश बघेल ने कार्यक्रम की अब तक की प्रगति एवं आगामी समय की कार्ययोजना, असाक्षरो को कार्यक्रम मे किस प्रकार जोडा जाये, अक्षर साथी तैयार करने की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी उपस्थित सदस्यो को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कार्ययोजना बनाकर शतप्रतिशत सर्वे कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जिला सह-समन्वयक रेवेन्द्र कुमार ठाकुर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण, प्रचार-प्रसार, मॉनीटरिंग एवं मूल्यांकन परीक्षा की तैयारी पर विस्तार से सभी को जानकारी दी।

# पॉलिटेक्निक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2025-26, सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। 10वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राएं द्वितीय चरण का रजिस्ट्रेशन 04 जून 2025 से 17 जून 2025 तक कर सकते है एवं 12वीं/ ITI उत्तीर्ण छात्र/छात्राएं डिप्लोमा पाठ्यकम में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन 15 जून से 30 जून तक है। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं महाविद्यालय में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन सुविधा का लाभ ले सकते है अथवा www.dte.mponline.gov.in में जाकर डिप्लोमा कोर्सेस के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मो.नं. 9329937239, 6260272805 से संपर्क कर सकते है।

# कुएं में गिरे 40 वर्षीय व्यक्ति को डायल-112/100 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई क्षेत्र में कुएं में गिरे 40 वर्षीय व्यक्ति को, डायल-112/100 जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला और एफ़ आर व्ही वाहन से अस्पताल पहुँचाया। सिवनी के थाना कुरई क्षेत्र में कलबोढी गाँव में एक व्यक्ति कुएं में गिर गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 09-06-2025 को सुबह 04 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कुरई थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक प्रफुल्ल कुमार एवं पायलेट विकास ने मौके पर पहुँचकर बताया कि एक 40 वर्षीय व्यक्ति कुएं में गिर गया था। डायल-112/100 जवानों ने स्थानीय लोगों की सहायता से पीड़ित व्यक्ति को बाहर निकाला और एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय सिवनी में भर्ती करवाया डायल-112/100 जवानों की तत्परता से पीड़ित को समय पर उपचार मिला ।

# नगरपालिका में कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया गंदे पानी की जलापूर्ति करा रहे है यह बात उन्होंने खुद स्वीकार की है-राजिक

**सिवनी।** नगरपालिका में कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया गंदे पानी की जलापूर्ति करा रहे है यह बात उन्होंने खुद स्वीकार की है। नगरपालिका परिषद के विशेष सम्मिलन दिनांक 11/06/2025 प्रस्ताव क्रमांक 01 में उन्होंने स्पष्ट किया है कि पेयजल शुद्धीकरण में केमिकल्स(एलम ब्लीचिंग) के आभाव में पेयजल असुद्ध प्रदाय होने के कारण जल स्वास्थ्य में बुरा असर होने की संभावनाओं को देखते हुए, सप्लायर को काली सूची में डालने और अमानत राशि राजसात करने विचार एवं निर्णय। यह आरोप कुछ दिन पूर्व कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया था, सिवनी नगरपालिका गंदा पानी देकर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, पानी शुद्धीकरण के लिए यदि केमिकल्स बराबर मात्रा में नही डाले जायेंगे तो गंदा पानी ही लोगो तक पंहुचेगा, पूर्व



में इसी ठेकेदार द्वारा ब्लीचिंग एलम की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में की गई, ऐसा क्या कारण है कि ज्ञानचंद सनोडिया के कार्यकारी अध्यक्ष बनते ही ठेकेदार द्वारा ब्लीचिंग एलम की सप्लाई नही दी जा रही है। यही हाल विधुत समाग्री का है अनेक स्थानों के स्ट्रीट लाईन बंद पडी है पार्षदो द्वारा शिकायत करने पर संबंधितो से एक ही जवाब मिलता है विधुत समाग्री नहीं है। विधुत समाग्री क्यो क्रय नही की जा रही है यह भी एक विचारणीय प्रश्न है।

इन सब विषयों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मिल कर साफ पानी की जलापूर्ति एवं विधुत समाग्री की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने हेतु पार्षद शफीक खान, श्रीमती आकांक्षा शिबू सेंगर, श्रीमती नेहा धीरज पृथ्यानी, श्रीमती इश्रत नब्बू, राजिक अकील,चंदन खताबिया, महमूद भाई, जोएब जकी अनवर, राहुल बघेल ने मांग रखी है।

# दूषित जल प्रदाय पर युवा अधिवक्ताओं ने नगर पालिका को दिया सात दिनों का अल्टीमेटम

**सिवनी शहर में हो रहे दूषित पेयजल प्रदाय के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जल जनित बीमारियों से नागरिक बीमार पड़ रहे हैं।**

## नागरिकों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नलों से बदबूदार, मटमैला, पीने के अयोग्य ऐसा जहरीला पानी प्रदाय किया जा रहा है जो केवल लापरवाही ही नहीं वरन आम जनता के वन ने के अधिकार का हनन है। सात दिनों के अंदर अगर व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो माननीय न्यायालय की शरण में जाने पर वे मजबूर होंगे। उक्ताशय की बात युवा अधिवक्ता नवेंदु मिश्रा, शिवेंद्र सिंह सिसोदिया सहित याहया आरिफ़ कुरेशी, रोहित डहेरिया, श्याम डहेरिया, अभय सूर्यवंशी, सरमन सहित अनेक अधिवक्ताओं के हस्ताक्षरों से युक्त एक पत्र में कही गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखे गए इस पत्र में कहा गया है कि इस साल अप्रैल माह से आज तक नगर पालिका के द्वारा लिए गए गलत निर्णयों, निष्क्रियता एवं पूरी तरह असंवेदनशील रवैये के कारण सिवनी शहर के लाखों नागरिक लगातार जल प्रदाय की समस्या को झेल रहे हैं।

नगर पालिका की जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नलों से बदबूदार, मटमेला और पीने योग्य नहीं, ऐसा जहरीला पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों का ना दूभर हो गया है। बच्चे बीमार हैं, बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ रही है, और कई स्थानों पर जलजनित रोग फैलने लगे हैं। यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि आम जनता के वन के अधिकार (राईट टू लाईफ अनुच्छेद 21) का सरासर हनन है जो कि एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

पत्र में आगे कहा गया है कि नगर पालिका के द्वारा नलों में सप्लाई किए जा रहे गंदे और अशुद्ध पानी की वजह से लोगों के घरों में लगे वॉटर प्यूरीफायर खराब हो रहे हैं। मध्यम और उच्च वर्ग के लोग तो किसी तरह नए प्यूरीफायर खरीद या मरम्मत करवा लेते हैं। लेकिन जो लोग निम्न वर्ग से आते हैं, झुग्गियों, मजदूर बस्तियों में रहने वाले लोग न तो प्यूरीफायर खरीद सकते हैं और न ही उसकी मरम्मत करवा सकते हैं। उन्हें मजबूरन वही गंदा पानी पीना पड़ रहा है जो पालिका के द्वारा प्रदाय किया जा रहा है, और नतीजा यह है कि लोग पेट की बीमारियों, स्किन इंफेक्शन और यहां तक कि टाइफाइड तक के शिकार हो रहे हैं। पत्र में उन्होंने आगे कहा है कि सोशल मीडिया, मीडिया आदि में इस आशय की जानकारियों के प्रस्तुत किए जाने के बाद भी नगर पालिका परिषद के द्वारा न तो जल स्त्रोतों से प्रदाय होने वाले जल की शुद्धता की जांच की गई, न ही यह बताने का प्रयास किया गया है कि सिवनी शहर में प्रदाय होने वाला पानी पीने योग्य है या नहीं।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष का लक्ष्य पूर्णता की ओर

**हरिभूमि न्यूज धारनाकला।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य भारत सर्कार के 17 मंत्रालय द्वारा अभिसरण एवं पहूँच के माध्यम से कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपो द्वारा बुनियादी ढाँचे जैसे स्वास्थ्य शिक्षा आविका मे महत्वपूर्ण अंतराल को समाप्त करने की दिशा मे उठाया गया कदम तहसीलदार बरघाट की मुस्तैदी से पूर्ण होता दिखाई दे रहा है राज्य मे विभिन्न जिलो के चयनित गांवो की तरह बरघाट विकास खंड के 17 ग्रामो का चयन चयन हुआ था इन 17 ग्रामो मे जनजाती वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतू शासन के दिशा निर्देशानुसार तहसीलदार बरघाट द्वारा हल्का पटवारियो से बारीकी से सर्वे कराते हुए रिपोर्ट तैयार की गई है जिससे बरघाट विकाश खंड के 17 ग्रामो के आदिवासी समुदाय के गांवो को विकसित कर मुख्य धारा से जोडने का प्रयास किया जा रहा है इस योजना से आदिवासी समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास को न ई गति मिलने की उम्मीद जताई गई है प्रधान मंत्री सम्मान निधि योजना के लाभ के सर्वे पूर्ण 2290 पात्रता की श्रेणी मे वैसे तो इस अभियान मे सभी जनजातीय परिवारो के वन स्तर मे सुधार लाने के लिये कौशल विकास उद्धामिता संवर्धन और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर काम चल रहा है तथा इस अभियान के तहत सभी पात्र जनजातीय परिवारो को पक्का घर गांवो मे पक्की सडक पानी बिजली जैसी बुनियादी सेवाओ का विस्तार आदि अनेको योजना शामिल है।

# लंबित ई-केवायसी तेजी से पूरा करने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुसंस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 09 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सुसुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।



बैठक में कलेक्टर सुसंस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुजैन ने जिलेवार रैंकिंग में डी केटेगिरि में पहुंचे जल संसाधन, उद्यानिकी, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को अधिकतम शिकायतों को संतुष्टी से बंद कराते हुए रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सुजैन ने सड़कों की टूट-फूट की शिकायतों को लेकर पीएचई एवं जलनिगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिना संबंधित निर्माण विभाग की एनओसी के सड़कों को न तोड़ा जाये तथा कार्योपरांत सड़कों की मरम्मत कार्य तत्काल किया जाये।

बैठक में कलेक्टर सुजैन ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन के लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुजैन ने समग्र ई-केवायसी कार्यों की भी समीक्षा सभी सीएमओ और सीईओ जनपदों को मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुये लंबित ई-केवायसी ते से पूरा कराने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सुजैन ने जनजातीय कार्यविभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्धारित मात्रा में नियमानुसार खाद्यान्न का उठाव करते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं छात्रावासों तथा स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है।


उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूल बसों की चैकिंग करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुजैन ने आबकारी विभाग द्वारा विगत सप्ताह में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए उत्तर एवं लखनादौन क्षेत्र में कार्यवाही बढाने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सुजैन ने जिले में जारी विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित की जा रही कृषक संगोष्ठियों के संबंध में जानकारी लेकर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कृषक संगोष्ठियों के व्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिये है। उन्होंने कृषि विभाग सहित पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से संगोष्ठियों में उपस्थित रहकर किसानों को उन्नत तकनिकी एवं योजनाओं के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संगोष्ठियों में अग्रणी कृषकों को भी आमंत्रित करते हुये अन्य कृषकों को मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये हैं।

## बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर वाहन रैली की झलक

# अपुन दिसुम अपुन राज , बिरसा मुंडा के सपनो को साकार करें -सीपी सिंह

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया सिवनी।** 9 जून को सिवनी में बसपा द्वारा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी एवं वाहन रैली संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इं. सी पी सिंह केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर ,ने कहा बिरसा मुंडा ने कहा था अपुन दिसुम अपुन राज अर्थात हमारे देश में हमारा राज होना चाहिए यह बात मुंडा ने गुलाम भारत में कही थी क्या आजाद भारत में हमारा राज है नहीं बिरसा मुंडा के सपना और सोच के विरुद्ध देश में पूं वादी, जाती वादी, एवं आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों हनन करनेवाली भाजपा और कांग्रेस की सरकार है सिंह कहा आदिवासी समाज देश मे दलितों , पिछड़ों एवं




धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के साथ,साथ अपर कास्ट के गरीब लोग हमारे ही समान सम दुखी लोगों के साथ भाईचारा बनाएं और बसपा की सरकार बनाकर बिरसा मुंडा के सपनो को साकार करके आदिवासियों, दलितों ,पिछड़ों अल्पसंख्यक समुदाय के हित को सुरक्षित करें और उत्तर प्रदेश में बसपा की रही चार बार की सरकार में गरीबों, सरकारी जमीन, बाटी गई सरकारी नौकरी में बैकलॉग कोटा भरा गया प्राईवेट सेक्टर में आरक्षण दिया गया इतना ही नहीं सरकारी ठेका में भी आरक्षण देकर वंचित समाज का के साथ साथ सभी का हित सुरक्षित किया गया था संगोष्ठी को बालकिशन चौधरी, केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर , इं0 रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा एवं इंदरसिंह उईके ,जलसों ऊईके, जनपद सदस्य घंसौर ज्ञानेश्वर गजभिए जॉन प्रभारी अजाब शास्त्री जॉन प्रभारी बालाघाट ने भी संबोधित किया इस मौके पर गौरी शंकर नेमा पूर्व आर्मी के साथ साथ आदिवासी समाज के लोगों ने भी बसपा की सदस्यता लिया मंच संचालन उमाकांत बंदेवार जॉन। प्रभारी बालाघाट द्वारा किया गया कार्यक्रम की सफलता में जिला / विधानसभा कमेटी के साथ साथ बसपा कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# भारतीय जनता पाटी जनता से हमेशा झूठ की राजनीति करती आई है-कांग्रेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी, अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉग्रेस कमेटी एवं पूर्व मंत्री-छत्तीसगढ़ शासन, तरवर सिंह पूर्व विधायक संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय में आगमन हुआ, कार्यालय प्रांगण में महात्मा गांधी की प्रतिमा, हाल में स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी , बिरसा मुंडा , स्व. विमला वर्मा , स्व.श्रीमती उर्मिलासिंह , स्व. ठा. हरवंशसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, वंदे मातरम के गायन के साथ बैठक प्रारंभ की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा मोहन मरकाम, तरवर सिंह का शॉल श्रीफल देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात हाल में उपस्थित समस्त कांग्रेस जनों द्वारा अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया।

पत्रकार वार्ता में पत्रकारो के सवाल के जब से मध्यप्रदेश का गठन हुआ है तब से पांचो विधानसभा सिवनी की कांग्रेस पार्टी तते हुए आई है। बीच में हमें हार मिली है 365 दिन कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करने वाले जो पार्टी के लिए अच्छा कर सकता है ऐसे कार्यकर्ता को चिहिन्त कर इनके नाम हम हाईकमान को भेजेंगे, राजनीति फुल टाईम की हो गई है पार्टी के लिए समय हर कार्यकर्ता को देना होगा, अध्यक्ष पद के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नही है खड़गे 82 वर्ष के होने के बाद भी लगातार पार्टी के लिए काम कर रहें है। देश एवं प्रदेश में भाजपा के अन्याय के खिलाफ हम निरंतर लडेगे, जो सरकार लोगो पर डंडे बरसा रही है। 2028 के चुनाव में सिवनी जिले में बेहतर प्रदर्शन के लिए जो हो सकता है वह हम करेंगे, हम इसके बाद प्रत्येक ब्लॉक जाकर, कार्यकर्ताओं, आम जनता और मीडिया से मुलाकात करेंगे, भारतीय जनता पाटी जनता से हमेशा झूठ की राजनीति करती आई है। उसे सत्ता से बाहर कर देश और प्रदेश का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस पार्टी का योगदान आजादी के पहले से आजादी के बाद तक हर क्षेत्र में रहा है। तरवर सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से पार्टी के लिए समर्पित लोगो का चुनाव कर हम जिले में बेहतर संगठन खडा करेंगे जिससे की आने वाले समय में जिले की चारो विधानसभा में भाजपा को हराया जा सकें।

पत्रकार वार्ता के बाद मरकाम , तरवर सिंह द्वारा उपस्थित कांग्रेस जनों से देर रात तक मुलाकात कर उनके विचार जानने का प्रयास किया। अनेक कांग्रेस जनों ने विभिन्न पदो के लिए अपने नाम प्रस्तावित भी किये।

बैठक में केवलारी विधायक ठा. रजनीश सिंह, पूर्व विधायक रमेश जैन, बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया सहित जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस, मोर्चा संगठन, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, पदाधिकारी, मंडलम, सेक्टर, बूथ अध्यक्ष, बीएलए सहित कांग्रेस कार्यकताओं की बडी संख्या में उपस्थिति रही।

